समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# अमेरिका मे पांक सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत को दी धमकी, बोले- '1971 का बदला लेकर रहेगें'.

Publisher Published on 18 Jun 2025



## वॉशिंगटन मे पांकिस्तानी समुदाय को संबोधित करते हुए सैयद आसिम मुनीर ने भारत को तोड़ने, साइबर अटैक और चीन के साथ युद्ध की साजिश का किया दावा।

**वॉशिंगटन, 18 जून 2025**: पाकिस्तान के सेना प्रमुख और हाल ही में फील्ड मार्शल बने **सैयद आसिम मुनीर** अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने **वॉशिंगटन डीसी** में मौजूद **पाकिस्तानी प्रवासी** समुदाय को संबोधित किया और मंच से भारत विरोधी बयानबाजी की झड़ी लगा दी।

**आसिम मुनीर** ने अपने भाषण में दावा किया कि पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर भारत के खिलाफ पांच स्तरों पर जंग लड़ी है। इनमें **साइबर वॉरफेयर, ड्रोन हमले, ग्रिड हैकिंग** और **ट्रेन सिस्टम** को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप शामिल थे। उन्होंने यहां तक कहा कि पाकिस्तान 1971 की हार नहीं भूला है और समय आने पर इसका बदला लेकर रहेगा।

**मुनीर के बयानों की मुख्य बाते:**
**1971 का बदला**: मुनीर ने दो टूक कहा कि "हम भारत को तोड़ेंगे और 1971 की हार का बदला लेंगे।"

**साइबर हमले का दावा :**
उन्होंने कहा कि **70% भारतीय ग्रिड स्टेशनों** को पाकिस्तानी हैकरों ने बंद कर दिया और भारत की ट्रेन प्रणाली को भी हैक किया

गया।

**ड्रोन हमले :**
उनका दावा था कि **पाकिस्तान के ड्रोन दिल्ली और गुजरात** तक पहुंच गए थे, हालांकि उन्होंने कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।

**चीन की मदद से हमला :**
उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ लड़ाई में चीन से हथियार और सैन्य उपकरण मिले, और चीन भी पाकिस्तानी सेना की रणनीति से प्रभावित हुआ।

### भारत सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार

हालांकि अब तक **भारत सरकार** या भारतीय सेना की ओर से इन बयानों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान दोनों देशों के संबंधों को और खराब कर सकते हैं।

### आतंकवाद पर अमेरिका को ठहराया दोषी

अपने भाषण में मुनीर ने अफगान युद्ध के दौरान अमेरिका की भूमिका की आलोचना करते हुए कहा कि “**सोवियत-अफगान युद्ध** के बाद अमेरिका की नीतियों के कारण पाकिस्तान में ‘**जेहादी कल्चर**’ विकसित हुआ, जिसने कई आतंकी संगठनों की नींव रखी।”

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.